## आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 16.05.2025 समय : 0705

<><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मत्स्य पालन क्षेत्र की प्रगति और भविष्य की योजनाओं की समीक्षा की।
2. विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कहा – सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद पर विश्वसनीय रोक नही लगाता।
3. द्वीपों में कानून प्रवर्तन के लिए फोरेंसिक सहायता को सुदृढ़ करने के लिए उपराज्यपाल ने फोरेंसिक वैन को हरी झंडी दिखाई।
4. श्री विजयपूरम स्थित गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हाल ही में बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन हॉबी कक्षाओं का आधिकारिक रूप से उद्घाटन किया गया।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल मत्स्य पालन क्षेत्र की प्रगति और भावी योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में गहरे समुद्र में मछली पकड़ने और समुद्री खाद्य निर्यात पर ध्यान केंद्रित किया गया। श्री मोदी ने कहा कि सरकार इस क्षेत्र को बहुत महत्व देती है और इससे संबंधित बुनियादी ढांचा बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने देश के मछुआरों के लिए ऋण के साथ–साथ बाजारों तक अधिक पहुंच सुनिश्चित की है।

<><><><><><>

विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कहा – सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद पर विश्वसनीय रोक नही लगाता। डॉक्टर जयशंकर ने भारत और पाकिस्तान के बीच तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इंकार किया है। नई दिल्ली में उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ कोई भी बातचीत केवल द्विपक्षीय आधार पर ही होगी। डॉक्टर जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान को भारत को सौपे जाने वाले आतंकियों की सूची दे दी गई है। साथ ही उसे आतंकी ढ़ांचों को भी नष्ट करना होगा। डॉक्टर जयशंकर ने कहा कि भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ बकाया मुद्दों में केवल उसके अवैध कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर को मुक्त कराना है। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल आतंक के मुद्दे पर होगी।

<><><><><><>

लिटिल अण्डमान पंचायत प्रमुख ने डूगॉग–क्रीक के ओंगी जनजाति के छात्रों को सी बी एस ई परीक्षा में उनकी उपलब्धि के लिए आर के पुर स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षकों और अण्डमान आदिम जनजाति विकास बोर्ड समिति के कर्मचारियों, अभिभावकों और पूरे ओंगी आदिवासी समुदाय को उनके समर्थन और प्रोत्साहन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी।

<><><><><><>

फोरेंसिक बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और कानून प्रवर्तन के लिए फोरेंसिक सहायता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में द्वीपों के उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेन्सी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी. के. जोशी ने कल आधिकारिक तौर पर तीन अत्याधुनिक मोबाइल फोरेंसिक वैन को हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम में मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार, पुलिस महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक ने कहा कि राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय गांधीनगर से खरीदे गए इन पूरी तरह से सुसज्जित मोबाइल फोरेंसिक वैनों को तीन नए अधिनियमित आपराधिक कानूनों के

प्रभावी कार्यान्वयन और फोरेंसिक क्षमताओं को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा। पुलिस महानिदेशक ने इस बात पर जोर दिया कि इनका शामिल होना पूरे द्वीपों में फोरेंसिक क्षमताओं को मजबूत करने में एक प्रमुख मील का पत्थर साबित होगा, जिससे जांच तेज, सटीक और वैज्ञानिक साक्ष्य पर आधारित होगा। फोरेंसिक साइंस लेबोरेट्री के सहायक निदेशक डॉ. देवन्द्र कुमार ने वैन की प्रमुख विशेषताओं और क्षमताओं पर प्रकाश डाला। समारोह का समापन सी आई डी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार मीना के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। उन्होंने द्वीपों में फोरेंसिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और निरंतर समर्थन के लिए उपराज्यपाल और सभी गणमान्य व्यक्तियों के प्रति आभार किया।

<><><><><><><>

आज सिक्किम राज्य अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने विशेष रूप से इन द्वीपों में रहने वाले सिक्किम के लोगों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा सिक्किम, अपने प्राचीन परिदृश्य और जीवंत संस्कृति के साथ, सद्भाव और सतत प्रगति का प्रतीक है। यह स्थापना दिवस गर्व और एकता की नई भावना को प्रज्वलित करे और एक विकसित भारत – सभी के लिए एक विकसित, समावेशी और आत्मनिर्भर भारत बनाने के हमारे सामूहिक संकल्प को मजबूत करे।

<><><><><><><>

श्री विजयपूरम स्थित गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हाल ही में बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन हॉबी कक्षाओं का आधिकारिक रूप से उद्घाटन किया गया। शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग की पहल पर महीने भर चलने वाला यह कार्यक्रम बच्चों को विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों सिखाई जाएगी। कक्षाएं सत्रह जून तक प्रतिदिन सुबह नौ बजे से दोपहर बारह बजे तक चलेंगी। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उप–शिक्षा निदेशक ज्ञान शील दुबे, ने किया। इस अवसर पर गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्य अर्चना सिंह उपस्थित थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने बच्चों में रचनात्मकता और समग्र विकास को बढ़ावा देने में हॉबी कक्षाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षा विभाग की ओर से सभी बच्चों को समय का रचनात्मक उपयोग करने और अपनी कलात्मक प्रतिभाओं को तलाशने के लिए हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया है।

कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्या अर्चना सिंह ने भी बच्चों को अपनी कलात्मक प्रतिभाओं को तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम दूरदर्शन केंद्र की ओर से आज शाम साढ़े पांच बजे लाइव फोन इन कार्यक्रम 'डॉक्टर्स स्पीक' का प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम में 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' विषय परं उप निदेशक (मलेरिया) डॉ. बी. अजीत कुमार विशेषज्ञ होंगे। दर्शक फोन नंबर– 244745 या 245662 पर डायल कर अपने सवाल पूछ सकते है।

<><><><><><><>

जलयान सिंधु आज श्री विजयपुरम से चेन्नई जाएगा। यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य दोपहर बाद दो बजे से तीन बजे तक चलेगा। जलयान आज शाम चार बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में जनवरी सत्र के लिए पुनः पंजीकरण 30 जून तक जारी रहेगा। जुलाई 2024 वार्षिक सत्र और जनवरी 2025 सेमेस्टर सत्र के छात्र पुनः पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थी इग्नू की वेबसाइट पर जाकर पुनः पंजीकरण कर सकते हैं।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में हल्के मोटर वाहन चालक के पद पर नियुक्ति की जाएगी। इस संबंध में कौशल परीक्षण के लिए पात्र उम्मीदवारों की सूची संस्थान के सूचना पट्ट के अलावा प्रशासन की भर्ती पोर्टल पर भी अपलोड की गई है।

**<><><><><><><>**

**समाचार पत्रों की सुर्खियां**

फोरेंसिब बुनियादी ढ़ांचे के आधुनिकीकरण और कानून प्रवर्तन के लिए वैज्ञानिक सहायता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी द्वारा तीन अत्याधुनिक मोबाइल फोरेंसिक वैन को झण्डी दिखाकर रवाना करने के समाचार को **डेली टेलीग्राम्स** ने अपनी बडी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया हैं। **द्वीप समाचार** ने भी इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया हैं। इसके अलावा अखबार ने वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इन लाइन बैगेज स्क्रीनिंग सिस्टम के उद्घाटन करने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। आटों की ओर से जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में रोजगार मेला आयोजित करने के समाचार को **अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** में जगह मिली हैं। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर जिरकाटांग में व्यापक फार्मा–कोविजिलेन्स कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को **इंफो इंडिया** ने प्रमुखता से छापा हैं। उपराज्यपाल द्वारा गोआ के कला एवं संस्कृति मंत्री से मुलाकात के समाचार को **द इको ऑफ इंडिया** ने भीतर के पन्ने में सचित्र प्रकाषित किया है।

**<><><><><><><>**